साधु वासवानी स्वशासी महाविद्यालय

संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) भोपाल–462030 (म.प्र.)

स्वशासी योजना के अंतर्गत कार्यकारिणी समिति की बैठक

क्रमांक 02 (सत्र 2017–18)

दिनांक 25.11.2017 | समय दोपहर 12:00 बजे

## कार्यवृत्त

आज दिनांक 25.11.2017 को दोपहर 12:00 बजे महाविद्यालय में स्वशासी योजना के अंतर्गत कार्यकारिणी समिति की बैठक माननीय श्री दयालदास डेटानी जी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सदस्यों की उपस्थिति निम्नानुसार रही :–

1. अध्यक्ष
   - श्री दयालदास डेटानी जी (अध्यक्ष प्रबंध समिति)

2. प्रबंध समिति के नामित सदस्य
   1. श्री राजेन्द्र मनवानी (महासचिव)

3. प्राचार्य द्वारा नामित महाविद्यालय के प्राध्यापक
   1. डॉ. अनिल कुमार सिंह, सहायक प्राध्यापक वाणिज्य
   2. डॉ. सुमन मलिक, सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र

4. प्रबंध समिति द्वारा नामित शिक्षाविद्

   डॉ. आभा बाजपेई

   सेवानिवृत प्राध्यापक हिन्दी

   सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय

   शिवाजी नगर, भोपाल

5. राज्य शासन द्वारा नामित सदस्य

   प्रोफेसर एम.एल.नाथ

   निदेशक

   उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान भोपाल



PRINCIPAL
Sadhu Vaswani Autonomous College
SANT HIRDARAM NAGAR
BHOPAL-462030

6. कुलपति, बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय द्वारा नामित सदस्य
प्रोफेसर डी.सी.गुप्ता
विभागाध्यक्ष भूगर्भ विज्ञान
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल।

7. महाविद्यालय के प्राचार्य – पदेन सचिव (कार्यकारिणी समिति)

1. डॉ. डी.के.दुबे

8. नियंत्रक (स्वशासी प्रकोष्ठ)

1. डॉ. मधुलिका सिंह

बैठक में निम्न बिन्दुओ पर चर्चा उपरांत निम्न निर्णय लिये गये ।

**बिन्दु क्रमांक 01 :– सत्र 2016–17 में स्वशासी योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों के कियान्वयन पर चर्चा।**

माननीय प्राचार्य महोदय द्वारा उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया गया कि शैक्षणिक सत्र 2017–18 हेतु स्वशासी योजना के अन्तर्गत महाविद्यालय द्वारा बनाए गए प्लानर के अनुसार सभी शैक्षणिक एवं शैक्षणेतर गतिविधियां सम्पन्न करवाई गई। महाविद्यालय की स्वशासी योजना के अन्तर्गत करवाई जाने वाली परीक्षाएं भी तय समय सीमा के अन्तर्गत आयोजित हुई एवं सभी परीक्षा परिणाम समय पर घोषित किए गए। इस बैठक के दौरान प्राचार्य महोदय द्वारा अकादमिक परिषद् की सत्र 2017–18 की बैठक में लिए गए निर्णयों पर कियान्वयन की कार्यकारिणी समिति द्वारा सर्वसम्मति से पुष्टि की गई।

**बिन्दु कमांक 02 :– अकादमिक परिषद् द्वारा अनुमोदित अकादमिक प्रस्ताव**

(अ) सत्र 2017–18 में स्नातकोत्तर स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर के पाठ्यकम गत वर्ष के अनुसार यथावत रखने की स्वीकृति। स्नातक स्तर पर तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में वनस्पति शास्त्र, सूक्ष्म जीव विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, रसायन शास्त्र, औद्योगिक रसायन शास्त्र, प्राणी शास्त्र, कम्पयूटर साइंस एवं एप्लीकेशन, प्रबंधन(बी बी ए), वाणिज्य, भौतिक शास्त्र, गणित, इलेक्ट्रॉनिक्स, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, हिन्दी, समाज शास्त्र, राजनीति विज्ञान एवं आधार पाठ्यकम तथा स्नातकोत्तर स्तर पर तृतीय एवं चतुर्थ सेमिस्टर में रसायन शास्त्र, जैव प्रौद्योगिकी, कम्पयूटर साइंस एवं एप्लीकेशन, वाणिज्य, भौतिक शास्त्र,



PRINCIPAL
Sadhu Vaswani Autonomous College
SANT HIRDARAM NAGAR
BHOPAL-462030

गणित एवं हिन्दी के अध्ययन मंडलों द्वारा अनुशंसित एवं अकादमिक परिषद् द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रमों की स्वीकृति।

निर्णयः—उपरोक्त सभी विषयों के अध्ययन मंडल की बैठकों में अनुशंसित पाठ्यक्रमों को म.प्र. उच्च शिक्षा एवं बरकतउल्ला वि.वि. भोपाल के अनुसार ही रखे जाने का प्रस्ताव सभी सदस्यों द्वारा स्वीकृत किया गया।

(ब) महाविद्यालय में स्वशासी योजना के अन्तर्गत अनुमोदित परीक्षा नियमों में निम्न आंशिक संशोधन एवं गठित परीक्षा समिति की स्वीकृति हेतु।

(i) स्नातकोत्तर स्तर पर तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में ए.टी.के.टी. प्राप्त विद्यार्थियों की मुख्य परीक्षा परिणाम घोषित होने के दो माह के अन्दर विशेष/ए.टी.के.टी. परीक्षा आयोजित करने के अनुमोदन की स्वीकृति।

उपरोक्त संशोधन के प्रस्ताव पर डॉ आभा वाजपेई द्वारा सुझाव दिया गया कि ए टी के टी परीक्षा, मुख्य परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात् शीघ्र अतिशीघ्र करवाई जाये।

निर्णयः—उक्त सुझाव को सभी सदस्यों द्वारा मान्य करते हुए शेष प्रस्ताव यथा प्रस्तावित स्वीकृत किया गया।

(ii) मुख्य परीक्षा के सर्वाधिक अंक प्राप्त विद्यार्थी की उत्तर पुस्तिका, अन्य विद्यार्थियों के आवेदन एवं निर्धारित शुल्क जमा करने पर स्वशासी प्रकोष्ठ द्वारा दिखाए जाने के प्रावधान के अकादमिक परिषद् द्वारा अनुमोदित प्रस्ताव की स्वीकृति हेतु।

उपरोक्त संशोधन पर चर्चा के दौरान प्रो. एम.एल.नाथ द्वारा सुझाव दिया गया कि सर्वाधिक अंक प्राप्त विद्यार्थी की उत्तर पुस्तिका अन्य विद्यार्थियों के आवेदन पर निःशुल्क दिखाई जाये।

निर्णयः—उक्त सुझाव को सभी सदस्यों द्वारा मान्य किया गया।

(स) महाविद्यालय द्वारा अल्पकालिक पाठ्यक्रम नेट टेक्नोलॉजी, ऑटो कैड , एन्ड्रॉयड ट्रेनिंग कोर्स एवं टैली प्रारम्भ किए जाने हेतु अकादमिक परिषद् द्वारा पारित प्रस्ताव की स्वीकृति।

निर्णयः— यथा प्रस्तावित स्वीकृत।

माननीय सदस्यों द्वारा सुझाव दिया गया कि महाविद्यालय में फैशन डिजाइनिंग/इंटीरियर डिजाइनिंग का सर्टिफिकेट/डिप्लोमा कोर्स का प्रस्ताव जिसकी पिछली कार्यकारिणी समिति की बैठक में चर्चा की गई थी को अकादमिक परिषद् द्वारा पारित करवाकर सत्र 2018–19 से शुरू किया जा सकता है।



PRINCIPAL
Sadhu Vaswani Autonomous College
SANT HIRDARAM NAGAR
BHOPAL-462030

(द) महाविद्यालय में शासन के निर्देशानुसार स्नातक स्तर पर प्रथम वर्ष से वार्षिक परीक्षा पद्वति एवं इस हेतु उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र. शासन द्वारा अनुशंसित पाठ्यक्रम को सत्र 2017–18 से लागू करने हेतु महाविद्यालय में संचालित संबंधित संकायों एवं विषयों के अध्ययन मंड़लों द्वारा अनुशंसित एवं अकादमिक परिषद द्वारा अनुमोदित प्रस्ताव की स्वीकृति हेतु।

निर्णयः— यथा प्रस्तावित स्वीकृत।

**बिन्दु कमांक 03 :–सत्र 2018 से वार्षिक परीक्षा पद्वति संचालन हेतु परीक्षा समिति द्वारा बनाए गए परीक्षा नियमों के अनुमोदन हेतु।**

निर्णयः— यथा प्रस्तावित स्वीकृत।

**बिन्दु कमांक 04 :–वित्त समिति द्वारा अनुमोदित वित्तीय प्रस्ताव।**

(अ) यू.जी.सी. की सत्र 2016–17 की ऑटोनोमी ग्रान्ट का utilization एवं सत्र 2017–18 के प्रस्ताव का अनुमोदन।

निर्णयः— उपरोक्त प्रस्तावित अनुमोदित।

(ब) सत्र 2017–18 के स्वशासी मद के प्रस्तावित बजट पर चर्चा ।

निर्णयः— यथा प्रस्तावित स्वीकृत।

(स) परीक्षा एवं समितियों की बैठक हेतु बाहर से आने वाले परीक्षकों एवं विशेषज्ञों/सदस्यो के देय मानदेय में निम्न संशोधन हेतु।

(i) निजी वाहन/टैक्सी से आने वाले सदस्यों का यात्रा भत्ता 5/– से 8/– प्रति कि0मी0 करना प्रस्तावित।

(ii) ट्रेन/बस से आने वाले सदस्यों के यात्रा भत्ते में उनका वास्तविक टिकट के साथ–साथ स्टेशन से महाविद्यालय तक आने हेतु आटो/टेक्सी किराए का भुगतान देने हेतु प्रस्ताव।

यथा प्रस्तावित स्वीकृत।

निर्णयः— यथा प्रस्तावित स्वीकृत।

**बिन्दु कमांक 05 :–महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु गठित विभिन्न समितियों के अनुमोदन हेतु प्रस्ताव।**

निर्णयः— यथा प्रस्तावित स्वीकृत।



PRINCIPAL
Sadhu Vaswani Autonomous College
SANT HIRDARAM NAGAR
BHOPAL-462030

बिन्दु कमांक 06:– माननीय अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रस्ताव।

--------

बैठक के अंत में साधु वासवानी एज्युकेश्नल सोसाइटी के अध्यक्ष श्री दयालदास डेटानी जी द्वारा सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया गया।

प्राचार्य

Principal ... Sadhu Vaswani Autonomous College ... Bhopal

प्रतिलिपि : 1. अध्यक्ष शासी निकाय, साधु वासवानी शिक्षण समिति
2. प्रबंध समिति के नामित सदस्य
3. प्राचार्य द्वारा नामित महाविद्यालय के प्राध्यापक
4. यू.जी.सी (नई दिल्ली) द्वारा नामित सदस्य
5. राज्य शासन द्वारा नामित सदस्य
6. विश्वविद्यालय द्वारा नामित सदस्य
7. नियंत्रक स्वशासी प्रकोष्ठ

PRINCIPAL
Sadhu Vaswani Autonomous College
SANT HIRDARAM NAGAR
BHOPAL-462030